# जबसे मुझे ये तेरा दरबार मिला है भजन लिरिक्स

जबसे मुझे ये तेरा दरबार मिला है,
प्यार मिला है रे बहुत प्यार मिला है,
प्यार मिला है रे बहुत प्यार मिला है,
नजरो को जबसे तेरा दीदार मिला है,
प्यार मिला है रे बहुत प्यार मिला है,
प्यार मिला है रे बहुत प्यार मिला है।bd।

तर्ज – दिल जाने जिगर तुझपे।

---

इतना सा साथ ज़िंदगी का फ़साना,
ना कोई मंजिल थी ना था ठिकाना,
दर आया जबसे लगता है तबसे,
दर आया जबसे लगता है तबसे,
बेघर को जैसे घर बार मिला है,
प्यार मिला है रे बहुत प्यार मिला है,
प्यार मिला है रे बहुत प्यार मिला है।bd।

---

तुम बिन थी ये ज़िंदगी खाली खाली,
बे-नूर थी मेरी होली दिवाली,
तुमको पाया तो जीना आया,
तुमको पाया तो जीना आया,
बेचैन दिल को करार मिला है,
प्यार मिला है रे बहुत प्यार मिला है,
प्यार मिला है रे बहुत प्यार मिला है।bd।

---

दुनिया के रिश्तो में खुशियों को खोजा,
फिर भी ना हल्का हुआ गम का बोझा,
तेरी शरण में तेरे भजन में,
तेरी शरण में तेरे भजन में,
‘सोनू’ को जीवन का सार मिला है,
प्यार मिला है रे बहुत प्यार मिला है,
प्यार मिला है रे बहुत प्यार मिला है।bd।

---

जबसे मुझे ये तेरा दरबार मिला है,
प्यार मिला है रे बहुत प्यार मिला है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

प्यार मिला है रे बहुत प्यार मिला है,
नजरो को जबसे तेरा दीदार मिला है,
प्यार मिला है रे बहुत प्यार मिला है,
प्यार मिला है रे बहुत प्यार मिला है।**bd।**

स्वर – रेशमी जी शर्मा।
प्रेषक – कोमल जी छाबडा।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com